Chapter 03 पादप जगत (Plant Kingdom)

Practice Section-01

Q.1 प्राकृतिक वर्गीकरण किस पर आधारित होता है?

(1) बाह्य एवं आन्तरिक लक्षणों पर (2) परासंरचना एवं शारीरिकी पर

(3) भ्रूणविज्ञान एवं पादपरसायन विज्ञान पर (4) उपरोक्त सभी

Q.2 वर्गीकरण की जातिवृत्तीय प्रणाली आधारित है

(1) केवल रूपात्मक लक्षणों पर (2) केवल शारीरिक लक्षणों पर

(3) केवल कार्यकीय विशेषताओ पर (4) विभिन्न जीवों के बीच विकासवादी संबंधो पर

Q.3 कोशिकीय सूचनाओ जैसे गुणसूत्र की संख्या, संरचना एवं व्यवहार पर आधारित वर्गीकरण कहलाता है–

(1) संख्यात्मकवर्गिकी (2) कोशिकावर्गिकी

(3) रसायनवर्गिकी (4) केन्द्रकवर्गिकी

Q.4 जातिवृत्तीय वर्गीकरण दिया था–

(1) केरोलस लीनियस ने (2) अरस्तु ने

(3) एडोल्फ एंगलर एवं कार्ल प्रिन्टले ने (4) थियोफ्रेस्टस ने

Q.5 पुष्पीय पादपों के लिए प्राकृतिक वर्गीकरण तंत्र किसके द्वारा दिया गया?

(1) आर.एच.विटेकर (2) अरस्तु एवं जी.जे. मेण्डल (3) जॉर्ज बेन्थम तथा जे.डी. हुकर (4) अरस्तु तथा जॉर्ज बेन्थम

Q.6 वर्गीकरण की कृत्रिम प्रणाली किसके द्वारा दी गई?

(1) डी कैंडोले (2) कैरोलस लिनिअस (3) बेंथम और हुकर (4) हचिसन

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

Practice Section-02

Q.1 वर्ग–रोडोफाइसी (लाल शैवाल) को अपना विशिष्ट लाल रंग देने वाला वर्णक है

(1) क्लोरोफिल-a, b (2) फ्यूकोजैन्थिन (3) r-फाइकोइरिथ्रिन (4) क्लोरोफिल-a, c और d

Q.2 निम्नलिखित में से कौन फियोफाइसियन शैवाल है?

(1) *जेलिडियम* (2) *पॉलीसिफोनिया* (3) *पोरफाइरा* (4) *लैमिनारिया*

Q.3 निम्नलिखित में से कौन कशाभिका विहीन है?

(1) *क्लोरेला* (2) *युलोथ्रिक्स* (3) *स्पाइरोगायरा* (4) उपरोक्त सभी

Q.4 एगार और एल्जिन किसके उत्पाद है

(1) कोशिका–झिल्ली (2) कोशिका भित्ति (3) माइटोकॉन्ड्रिया (4) रिक्तिका

Q.5 मॉस के पर्णिल युग्मकोद्भिद का निर्माण होता है

(1) 1° तंतु से (2) 2° तंतु से (3) प्रोथैलस से (4) स्पोरोफाइट से

Q.6 विषमबीजाणुक टेरिडोफाइट्स हैं

(1) *इक्वीसीटम, सिलेजिनैला* (2) *लाइकोपोडियम, साल्विनिया*

(3) *साल्विनिया, सिलेजिनैला* (4) *लाइकोपोडियम, इक्वीसीटम*

Q.7 पीटमॉस अथवा बॉगमॉस है-

(1) *फ्यूनेरिया* (2) *स्फेगनम* (3) *लाइकोपोडियम* (4) *मार्केन्शिया*

Q.8 एगार -एगार किससे प्राप्त किया जाता है?

(1) *क्लोरैला* से (2) *पोरफाइरा* से

(3) *लेमीनेरिया* से (4) *जेलिडियम* तथा *ग्रैसिलेरिया* से

Q.9 नीचे दिए गए चित्र का निरीक्षण कीजिए तथा वह सही विकल्प चुनिए जिसमें सभी चार भाग (a, b, c तथा d) ठीक पहचाने गए है :



	A	B	C	D

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

(1)	शूक(सीटा)	बीजाणुदभिद	प्रथमतंतु	मूलाभास
(2)	पुंधानीधर	नर थैलस	ग्लोब्यूल	मूल
(3)	स्त्रीधानीधर	मादा थैलस	जैमाकप	मूलाभास
(4)	स्त्रीधानीधर	मादा थैलस	कलिका	पाद

Q. 10 बीज निर्माण में *सिलैजिनेला* तथा *साल्विनिया* एक महत्वपूर्ण चरण दर्शाते हैं, ऐसा इसलिए क्योंकि :

(1) गुरूबीजाणुओं में भ्रूणपोष तथा भ्रूण होते है जो बीज चोल से घिरे रहते है।

(2) भ्रूण मादा युग्मकोद्भिद में विकसित होता है जो जनक बीजाणुद्भिद पर लगा बना रहता है।

(3) मादा युग्मकोद्भिद स्वतंत्र होता है तथा बीजों की तरह परिक्षिप्त हो जाता है।

(4) मादा युग्मकोद्भिद में स्त्रीधानियाँ नहीं होती।

Q.11 ब्रायोफायटा के युग्मकोद्भिद (गेमीटोफाइट) की तुलना में संवहनी पौधों के युग्मकोद्भिद् (गेमीटोफाइट) होते हैं :

(1) आकार में छोटे तथा छोटे लैंगिक अंगो सहित

(2) आकार में छोटे तथा बड़े लैंगिक अंगो सहित

(3) आकार में बड़े तथा छोटे लैंगिक अंगो सहित

(4) आकार में बड़े तथा बड़े लैंगिक अंगो सहित

Q.12 निम्नलिखित में कौन–सा एक कथन सही है ?

(1) बीज प्रवृत्ति का प्रारंभ टैरिडोफाइट्स में खोजा जा सकता है

(2) टैरिडोफाइट्स के युग्मकोद्भिद में एक प्रथमतंतु एवं पर्णिल अवस्था होती है

(3) अनावृतबीजी का मादा युग्मकोद्भिद स्वतंत्र जीवी होता है

(4) टेरिडोफाइट्स में पुंधानीधर तथा स्त्रीधानीधर होते हैं

Q.13 बहुकोशिकीय कवकों, तंतुमय शैवालों तथा मॉसों के प्रोटोनीमा में, निम्नलिखित में से कौन उभयनिष्ठ है ?

(1) खण्डन द्वारा गुणन

(2) द्विगुणितक जीवन–चक्र

(3) प्लान्टी जगत के सदस्य

(4) पोषण विधि

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

Practice Section-03

Q.1 टेरिडोफाइट्स में, सुविभेदित संवहनी ऊतक पाए जाते हैं
(1) जड में (2) तने में (3) पत्तियों में (4) उपरोक्त सभी

Q.2 थैलोफाइट्स और ब्रायोफाइट्स के विपरीत, टेरिडोफाइट्स में होता है
(1) स्त्रीधानी (2) पुंधानी (3) पीढ़ी का एकान्तरण (4) संवहनी ऊतक

Q.3 निम्नलिखित में से कौन टेरिडोफाइट नहीं है?
(1) *गिंकगो* (2) *सेलेजिनेला* (3) *पॉलीपोडियम* (4) *एजोला*

Q.4 टेरिडोफाइट में मुख्य पादप शरीर है
(1) बीजाणुदभिद (2n) जो मूल, तना और पत्ती में विभेदित है
(2) युग्मकोद्भिद (n) जो मूल, तना और पत्ती में विभेदित है
(3) बीजाणुदभिद जिसमें मूल, तना और पत्ती नहीं होती है
(4) युग्मकोद्भिद जिसमें कोई मूल, नहीं होती है, लेकिन केवल तना और पत्ती होती है

Q.5 *पाइनस* में परागकण किसके अंदर विकसित होते हैं?
(1) पराग कोष्ठ (2) लघुबीजाणुधानी (3) लघुयुग्मकधानी (4) परागकोश

Q.6 *साइकस* में दो बीजपत्र होते हैं लेकिन आवृतबीजी में शामिल नहीं होते क्योंकि इसमें-
(1) कोई वाहिकाऐं नहीं होती (2) कोई बीज नहीं होते (3) नग्न बीज होते है (4) पुष्प होते है

Q.7 ध्रुवीय केन्द्रक संलयित होकर उत्पन्न करते है
(1) द्विगुणित द्वितीयक केन्द्रक (2) युग्मनज
(3) प्रतिव्यासांत कोशिकाएँ (4) सहायक कोशिकाऐं

Q.8 भ्रूणकोष किसका प्रतिनिधित्व करता है:
(1) गुरूबीजाणु मातृकोशिका का (2) मादा युग्मकोद्भिद का
(3) गुरूबीजाणु का (4) लघुबीजाणुधानी का

Q. 9 निम्नलिखित में से कौनसा एक उभयलिंगाश्रयी है ?
(1) *साइकस* (2) *पाइनस* (3) खजूर (4) *मार्केन्शिया*

Q. 10 नीचे दिये गए चार कथनों पर विचार कीजिए कि वे सही है या गलत :
A: मॉस की तुलना में लिवरवर्टस में बीजाणुद्भिद अधिक विकसित होता है।
B: *साल्विनिया* विषमबीजाणुक होता है।
C: सभी बीजीय पौधों में जीवन–चक्र द्विगुणितक (डिप्लोन्टिक) होता है।
D: *पाइनस* में नर तथा मादा शंकु अलग–अलग वृक्षो पर लगते है।
एक साथ दो *गलत* कथन कौन से है ?
(1) कथन (B) तथा (C) (2) कथन (A) तथा (B) (3) कथन (A) तथा (C) (4) कथन (A) तथा (D)

Q.11 निम्नलिखित में कौनसा एक जोड़ा गलत मिलाया गया है?
(1) ***गिंकगो*** – स्त्रीधानियाँ
(2) ***साल्विनिया*** – प्रोथैलस
(3) **वायरोइड्स** – RNA
(4) **सरसों** – सहायक कोशिकाएँ

Q.12 नीचे दिए गए पाँच कथनों (A – E) को पढ़िए और अग्र लिखित प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-
A: *इक्वीसीटम* में, मादा युग्मकोद्भिद जनक बीजाणुद्भिद पर बना रहता है
B: *गिंकों* में नर युग्मकोद्भिद स्वतंत्र नहीं होता
C: *रिक्सिया* का बीजाणुद्भिद *पोलीट्राइकम* के बीजाणुद्भिद की तुलना में अधिक विकसित होता है
D: *वॉल्वॉक्स* में लैंगिक प्रजनन समयुग्मकी होता है
E: स्लाइम मोल्ड्स के बीजाणुओं में कोशिका भित्ति नहीं होती
उपरोक्त कथनों में से कितने सही है?
(1) दो (2) तीन (3) चार (4) एक

Q.13 *सायकस* एवं *एडिएन्टम* एक दूसरे से संबंधित है?
(1) वाहिकाऐं से (2) बीजों से (3) गतिशील शुक्राणु (4) एधा सें

KHAN GLOBAL STUDIES Digitized Learning Platform KHAN SIR

ANSWER KEY

PRACTICE SECTION-01

Que.	1	2	3	4	5	6
Ans:	4	4	2	3	3	2

PRACTICE SECTION-02

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
Ans:	3	4	4	2	2	3	2	4	3	2	1	1	1

PRACTICE SECTION-03

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
Ans:	4	4	1	1	2	3	1	2	2	4	1	4	3

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR